Title : Regarding construction of greenfield four-lane road from Bidupur to Purnia in Bihar-Laid.

श्री दिनेश चन्द्र यादव (मधेपुरा): बिहार राज्य अन्तर्गत विदुपुर से दलसिंहसराय-सिमरी बख्तियारपुर-उदाकिशुनगंज- पूणियाँ तक पथ निर्माण नहीं होने से उन क्षेत्रों के लोगों का आर्थिक/सामाजिक विकास नहीं हो रहा है। कोशी एवं पूर्णियाँ प्रमंडल की आबादी को राजधानी पटना के लिए पूर्वी-पश्चिमी कोरिडोर के माध्यम से आना पड़ता है, जिसका एलाइनमेंट सीधा नहीं होने के कारण काफी अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत जी०टी० रोड से पूर्वी-पश्चिमी कोरिडोर को जोड़ने के लिए प्रस्तावित आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। प्रस्तावित आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे पर अवस्थित विदुपुर से दलसिंहसराय-सिमरी बख्तियारपुर-उदाकिशुनगंज होकर पूणियाँ तक नया पथ बन जाने से सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, पूणियाँ, कटिहार, किशनगंज एवं अररिया जिलों की सम्पर्कता में व्यापक सुधार होगा। ये जिले पूर्वी बिहार के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र में अवस्थित है, जिनकी राजधानी पटना से सुगम सम्पर्कता होने से विकास के आयाम को नयी गति मिल जाएगी और पटना आने-जाने के लिए 133 कि०मी० कम दूरी तय करनी पड़ेगी। उक्त पथ निर्माण के लिए बिहार के दस सांसदों ने माननीय सड़क परिवहन मंत्री जी से मिलकर पूर्व में भी अनुरोध किये था । अनुरोध है कि जनहित में विदुपुर से दलसिंहसराय-सिमरी बख्तियारपुर कशुनगंज-पूणियाँ तक ग्रीनफील्ड फोरलेन योजना से पथ का निर्माण कराया जाए।